The Tribune
VOICE OF THE PEOPLE

# War hero talks to students




**Major Devender Pal Singh receives a memento at BPSMV.**

**SONEPAT, APRIL 20**

An interactive session was organised at Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya (BPSMV), Khanpur in which Kargil War hero Major Devender Pal Singh interacted with students. India's first amputee marathon runner Major Singh, famous as the 'Indian Blade Runner', said women have immense power and that an educated daughter could enrich the entire society.

He motivated the students to be independent and bring a change to the world. He urged students to introspect, learn from failures and improve.

VC Sudesh said the entire country was proud of the Army and the brave soldiers, who laid their lives to protect the country. She said there was no dearth of potential among daughters. She said that the institution was committed to making every effort towards achieving its goal of women education and empowerment. —TNS

# जो नहीं आता, उसे सीख लें, दुनिया को अपने काम से बदलें : मेजर सिंह




प्रथम दिव्यांग मैराथन धावक और कारगिल योद्धा छात्राओं से हुए रू-ब-रू

गोहाना मुद्रिका, 20 अप्रैल : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग और विश्वविद्यालय प्रतियोगी परीक्षा केंद्र द्वारा छात्राओं के लिए एक इंटरैक्शन सत्र का आयोजन किया गया। अध्यक्षता वी.सी. प्रो सुदेश ने की। मुख्य अतिथि कारगिल योद्धा मेजर देवेंद्रपाल सिंह ने छात्राओं से संवाद किया। मेजर सिंह भारत के प्रथम दिव्यांग मैराथन धावक है। वह पहले एशियाई दिव्यांग हैं जिन्होंने एयरक्राफ्ट उड़ाया है।

मेजर देवेंद्रपाल सिंह ने कहा कि नारी में अपार शक्ति है। एक शिक्षित बेटी पूरे कुनबे को संवार सकती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से सीख कर समाज और देश को सिखाएं। खुद से वादा करें कि किसी पर मोहताज नहीं रहेंगे। अपना काम स्वयं करें। जो काम नहीं आता, उसे सीख लें। दुनिया को अपने काम से बदलो और बेटियों के सम्मान में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।

मेजर सिंह ने कहा कि जीवन में अपने काम पर फोकस करें, असफलता भी मिलेंगी, पर रुकना नहीं है ,एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में एक सबसे बड़ी बीमारी है कि लोग क्या कहेंगे। जिन के पास कोई काम नहीं होता, ऐसे ही लोग कुछ न कुछ कहते है। उनकी न सुने। खुद की सुने। रोज सोने से पहले आत्म चिंतन और मंथन जरूर करें। आपने क्या गलत किया। उसे सुधारने की कोशिश करें। जीवन में अभाव भी हो सकता है तो संयम बनाये रखें।उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि अपनी कमियों को स्वीकार कर अपनी मेहनत से उन्हें दूर करें।

वी.सी. प्रो सुदेश ने कहा कि हमारी बेटियों में क्षमता की कमी नहीं है। परिवर्तन धीरे-धीरे होते हैं। शिकायत न करें समाधान की तरफ जाएं। उन्होंने कहा कि अपनी जीवन शैली को ऐसा बनाएं कि रोज एक अच्छा काम करें। नेक काम करने से मन को सुकून मिलता है।

# जो नहीं आता, उसे सीख लें, दुनिया को अपने काम से बदलें : मेजर सिंह

गोहाना, 20 अप्रैल (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग और विश्वविद्यालय प्रतियोगी परीक्षा केंद्र द्वारा छात्राओं के लिए एक इंटरैक्शन सत्र का आयोजन किया गया।

अध्यक्षता वी.सी. प्रो. सुदेश ने की। मुख्य अतिथि कारगिल योद्धा मेजर देवेंद्रपाल सिंह ने छात्राओं से संवाद किया। मेजर सिंह भारत के प्रथम दिव्यांग मैराथन धावक है। वह पहले एशियाई दिव्यांग हैं जिन्होंने एयरक्राफ्ट उड़ाया है।

मेजर देवेंद्रपाल सिंह ने कहा कि नारी में अपार शक्ति है। एक शिक्षित बेटी पूरे कुनबे को संवार सकती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय से सीख कर समाज और देश को सिखाएं। खुद से वादा करें कि किसी पर मोहताज नहीं रहेंगे। अपना काम स्वयं करें। जो काम नहीं आता, उसे सीख लें। दुनिया को अपने काम से बदलो और बेटियों के सम्मान में कोई कमी नहीं होनी चाहिए।




*मेजर देवेंद्र पाल सिंह को सम्मानित करते हुए वी.सी. प्रो. सुदेश। (अरोड़ा)*

मेजर सिंह ने कहा कि जीवन में अपने काम पर फोकस करें, असफलता भी मिलेंगी, पर रुकना नहीं है ,एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में एक सबसे बड़ी बीमारी है कि लोग क्या कहेंगे। जिनके पास कोई काम नहीं होता, ऐसे ही लोग कुछ न कुछ कहते हैं, उनकी न सुनें, खुद की सुने। रोज सोने से पहले आत्म चिंतन और मंथन जरूर करें। आपने क्या गलत किया। उसे सुधारने की कोशिश करें। जीवन में अभाव भी हो सकता है तो संयम बनाए रखें।उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि अपनी कमियों को स्वीकार कर अपनी मेहनत से उन्हें दूर करें।

वी.सी. प्रो सुदेश ने कहा कि हमारी बेटियों में क्षमता की कमी नहीं है। परिवर्तन धीरे-धीरे होते हैं। शिकायत न करें समाधान की तरफ जाएं। उन्होंने कहा कि अपनी जीवन शैली को ऐसा बनाएं कि रोज एक अच्छा काम करें। नेक काम करने से मन को सुकून मिलता है।

इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ नीलम मलिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो श्वेता हुड्डा, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बलहारा, प्रो संकेत विज, प्रो रवि भूषण, डॉ. महेश शर्मा व डॉ. इशानी भी मौजूद रहे।



छात्राओं से बात करते मेजर डी पी सिंह।

# एक शिक्षित बेटी पूरे कुनबे को सकती है संवारः मेजर सिंह

गोहाना, 21 अप्रैल(रामनिवास धीमान): भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग व विश्वविद्यालय प्रतियोगी परीक्षा केंद्र द्वारा छात्राओं के लिए एक इंटरैक्शन सत्र का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश द्वारा की गई जबकि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कारगिल योद्धा व इंडियन ब्लेड मेन मेजर देवेंदर पाल सिंह ने शिरकत कर छात्राओं से संवाद किया। मेजर सिंह भारत के प्रथम विकलांग मैराथन धावक है व पहले एशियाई विकलांग है जिन्होंने एयरक्राफ्ट उड़ाया है। मेजर सिंह ने कहा कि एक शिक्षित बेटी पूरे कुनबे को संवार सकती है। विश्वविद्यालय से सीख कर समाज व देश को सिखाएं। खुद से वादा करें की किसी पर मोहताज नहीं रहेंगे। अपना काम स्वयं करें। जो काम नहीं आता उसे सीख लें। दुनिया को अपने काम से बदलो, और बेटियों के सम्मान में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि अपनी कमियों को स्वीकार कर अपनी मेहनत से उन्हें दूर करें। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि पूरा देश सेना पर गर्व करता है। उन्होंने कहा की आज महिला विवि बेटियों की क्षमता को निखारने के हर बेहतर प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित इस विश्वविद्यालय की ताकत मध्यमवर्गीय पृष्ठभूमि है। इस अवसर पर महिला विवि की कुलसचिव डॉ. नीलम मलिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता हुडा, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बलहारा, प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डॉ. महेश शर्मा व डॉ. इशानी भी मौजूद रहे।

अजीत समाचार
22-Apr-2024
Page: 6
उत्तर भारत का सम्पूर्ण अखबार
http://www.ajitsamachar.com/20240422/27/6/1_1.cms

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat - 21 Apr 2024 - Page 2

# नारी अपार शक्ति की स्वामीनी : देवेंद्र पाल

## छात्राओं के लिए एक इंटरेक्शन सत्र का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां में छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग व विश्वविद्यालय प्रतियोगी परीक्षा केंद्र द्वारा छात्राओं के लिए एक इंटरैक्शन सत्र का आयोजन किया गया। अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने की। मुख्य अतिथि कारगिल योद्धा व इंडियन ब्लेड मेन मेजर देवेंद्र पाल सिंह ने छात्राओं से संवाद किया। मेजर सिंह भारत के प्रथम विकलांग मैराथन धावक है व पहले एशियाई विकलांग है जिन्होंने एयरक्राफ्ट उड़ाया है।

मेजर सिंह ने कहा कि नारी में अपार शक्ति है , जो शक्ति एक मां में होती है वो शक्ति किसी और में नहीं हो सकती। एक शिक्षित बेटी पूरे कुनबे को संवार सकती है। मेरी बच्चियों को नारी होने पर गर्व होना चाहिए। विश्वविद्यालय से सीख कर समाज व देश को सिखाएं। खुद से वादा करें की किसी पर मोहताज नहीं रहेंगे। अपना काम स्वयं करें। जो काम नहीं आता उसे सीख लें। दुनिया को अपने काम से बदलो और बेटियों के सम्मान में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। मेजर सिंह ने कहा कि जीवन में अपने काम पर फोकस करें असफलता भी मिलेंगी पर रुकना नहीं है, एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में एक सबसे बड़ी बीमारी है कि लोग क्या कहेंगे। जिन के पास कोई काम नहीं होता ऐसे ही लोग कुछ न कुछ कहते है। उनकी न सुनें। खुद की सुने। रोज सोने से पहले आत्म चिंतन व मंथन जरूर करें कि आपने क्या गलत किया। उसे सुधारने की कोशिश करें। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि पूरा देश सेना पर गर्व करता है। अपने जीवन का सर्वस्व न्यौछावर कर देश की रक्षा करने वाले देश के बहादुर सिपाहियों को मेरा अभिनंदन।

इस अवसर पर महिला विवि की कुलसचिव डॉ. नीलम मलिक, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता हुड्डा, लेफ्टिनेंट कर्नल डॉ. अनिल बलहारा, प्रो. संकेत विज, प्रो. रवि भूषण, डॉ. महेश शर्मा व डॉ. ईशानी भी मौजूद रहें।




गोहाना। मेजर डीपी सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि





# Kargil War Hero Maj. DP Singh motivated girl students of BPSMV to bring a change to world

An interactive session was organized at BPSMV under the aegis of Department of Students Welfare and University Centre for Competitive Exams. Vice Chancellor Prof Sudesh presided over the program.

Girish Saini

Facebook Twitter







Khanpur Kalan, April 20, 2024: An interactive session was organized at BPSMV under the aegis of Department of Students Welfare and University Centre for Competitive Exams. Vice Chancellor Prof Sudesh presided over the program.



As Chief Guest, Kargil war hero and Indian Blade Man, Major Devender Pal Singh interacted with the girl students. India's first amputee marathon runner, Maj. D.P. Singh, in his motivational address, said that women have immense power. The power that a mother has cannot be found in anyone else. An educated daughter can enrich the entire family and society, he added.

He urged the girl students to teach and empower the society and country with the learning's from this prestigious university. He motivated the girls to be self dependent and bring a change to the world. Maj. Singh asked the students to introspect, learn from their failures and improve it.

In her presidential address, Vice Chancellor Prof. Sudesh said that the entire country is proud of the army and brave soldiers, who lay their lives to protect the country. Prof. Sudesh said that there is no dearth of potential among our daughters. She said that BPS Mahila Vishwavidyalaya is committed to make every single effort towards achieving its goal of women education and empowerment. She motivated the girl students to use the power of their mind to achieve the bigger goals. Registrar Dr. Neelam Malik, Dean Academic Affairs Prof. Sanket Vij, Dean Students Welfare Prof. Shweta Hooda, Director (UCCE) Lt. Col. (Dr.) Anil Balhara, other faculty members and students were present on the occasion.

Tags: Kargil War Hero Maj. DP Singh | motivated girl students of BPSMV | bring a change to the world

PREVIOUS ARTICLE
Lyallpur Khalsa College student bags 3rd position in MA English in University Exams

NEXT ARTICLE
Dabur revives village pond in Dharampur, Baddi

WHAT'S YOUR REACTION?

| LIKE | LOVE | FUNNY | ANGRY | SAD | WOW |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

RELATED POSTS

IIT Kanpur organises HPC Symposium 2024

KMVites learn intricacies of mall management

KMV organises extension lecture on Me and My Creation

COMMENTS

Name
Email
Comment

Please upgrade to a supported browser to get a reCAPTCHA challenge.
Why is this happening to me?

Post Comment

MONDAY 22ND OF APRIL 2024 10:15:36 AM


Born between 1956 to 1996? You can earn an extra income with companies
Start today with just 250 USD
sponsored by: Fatal Cat
LEARN M...

POPULAR POSTS

Weekly Posts

Panjab University announce successful funding of ground breaking...

Body of Hyderabad student found dead in US brought home

Political stability, robust social security framework brought...

Drug smuggler's properties worth 76.55 lakh freezed by...

Ferozepur police seizes heroin, drug money and firearms

Born between 1956 to 1996? You can earn an extra income with companies
Start today with just 250 USD
sponsored by: Fatal Cat
LEARN M...

FOLLOW US

Facebook Twitter Pinterest Linkedin Youtube Email

RECOMMENDED POSTS

Literature
Ex-diplomat discovers Amritsar's dark side while translating...

UP's glass skywalk to open after Lok Sabha polls in Chitrakoot

Political stability, robust social security framework brought...

IANS Interview: INDIA bloc's victory in Tripura certain...

Eat plain yoghurt to lower diabetes risk, combat insulin...

IANS Interview: BJP creating confusion & fear in its bid...

CONTACT US

For advertisement, news, article, feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: Techarformation

Hindi News

# एक शिक्षित बेटी पूरे कुनबे के साथ-साथ संपूर्ण समाज को संवार सकती हैः मेजर देवेंदर पाल सिंह

कारगिल वार हीरो ने बीपीएसएमवी में छात्राओं से किया संवाद।

Girish Saini Apr 20, 2024 11:06

Facebook Twitter




We are 600+ family strong
Yours could be next
HAMPTON HOMES

खानपुर कलां, गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के छात्र कल्याण विभाग व यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कंपीटीटिव एग्जाम (यूसीसीई) के संयुक्त तत्वावधान में एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने की। बतौर मुख्य अतिथि कारगिल वार हीरो एवं इंडियन ब्लेड मैन मेजर देवेंदर पाल सिंह ने शिरकत की।

Guwahati to Shillong
from Rs694
View

छात्राओं से संवाद करते हुए मेजर डी.पी. सिंह ने कहा कि नारी में अपार शक्ति है। एक शिक्षित बेटी पूरे कुनबे के साथ-साथ संपूर्ण समाज को संवार सकती है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक विश्वविद्यालय से शिक्षित होकर समाज व देश को जागरूक करें। मेजर सिंह ने छात्राओं को आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि असफलताओं से घबराएं नहीं, बल्कि लक्ष्य निर्धारित कर लगातार प्रयास करते रहें, एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने छात्राओं को आत्म चिंतन व संयम बनाए रखने की सलाह भी दी।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि पूरे देश को सेना पर गर्व है। देश की रक्षा के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले बहादुर जवानों पर हम सभी को नाज है। उन्होंने कहा की हमारी बेटियों में क्षमता की कमी नहीं है। महिला विश्वविद्यालय बेटियों के कौशल व क्षमता वर्धन के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। कुलपति प्रो सुदेश ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्राओं का आह्वान किया कि वे अपनी अपार युवा ऊर्जा को एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति में लगाएं।

इस दौरान कुलसचिव डॉ नीतम मलिक, डीन अकेडमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, डीन छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा, निदेशक यूसीसीई, ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा सहित अन्य प्राध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

Tags: educated daughter, family, society, Major Devender Pal Singh

PREVIOUS ARTICLE
हिंदू कॉलेज के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ रजनी कुमारी व डॉ प्रवीन शर्मा सम्मानित

NEXT ARTICLE
भाषण प्रतियोगिता में आकांक्षा प्रथम, शेखर द्वितीय

WHAT'S YOUR REACTION?

| LIKE | LOVE | FUNNY | ANGRY | SAD | WOW |
|---|---|---|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

RELATED POSTS

फोन पर व्यापारियों को धमकाने वाले दबंगईयों को किसी कीमत...

क्वां सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम संपन्न

डीसी-11 टीम ने मीडिया-11 को 81 रनों से हराया

COMMENTS

Name

Email

Comment

I'm not a robot

Post Comment

MONDAY 22ND OF APRIL 2024 10:47:04 AM

POPULAR POSTS

Weekly Posts

Panjab University announce successful funding of ground-breaking...

Body of Hyderabad student found dead in US brought home

Political stability, robust social security framework brought...

Drug smuggler's properties worth 76.55 lakh freezed by...

Ferozepur police seizes heroin, drug money and firearms

FOLLOW US

Facebook Twitter Pinterest LinkedIn Youtube Email

Born between 1956 to 1996? You can earn an extra income with companies
Start today with just 250 USD
sponsored by: Fatal Cat
LEARN M...

RECOMMENDED POSTS

Ex-diplomat discovers Amritsar's dark side while translating...

UP's glass skywalk to open after Lok Sabha polls in Chitrakoot

Political stability, robust social security framework brought...

IANS Interview: INDIA bloc's victory in Tripura certain...

Eat plain yoghurt to lower diabetes risk, combat insulin...

IANS Interview: BJP creating confusion & fear in its bid...

CONTACT US

For advertisement, news, article, feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation

# कारगिल वार हीरो ने बीपीएसएमवी में छात्राओं से किया संवाद

## एक शिक्षित बेटी पूरे कुनबे के साथ-साथ संपूर्ण समाज को संवार सकती है: मेजर देवेंदर पाल सिंह




**खानपुर कलां, चेतना संवाददाता।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के छात्र कल्याण विभाग व यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर कंपीटीटिव एग्जाम (यूसीसीई) के संयुक्त तत्वावधान में एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने की। बतौर मुख्य अतिथि कारगिल वार हीरो एवं इंडियन ब्लेड मेन मेजर देवेंदर पाल सिंह ने शिरकत की।

छात्राओं से संवाद करते हुए मेजर डी.पी. सिंह ने कहा कि नारी में अपार शक्ति है। एक शिक्षित बेटी पूरे कुनबे के साथ-साथ संपूर्ण समाज को संवार सकती है। उन्होंने छात्राओं का आह्वान किया कि वे इस ऐतिहासिक विश्वविद्यालय से शिक्षित होकर समाज व देश को जागरूक करें।

मेजर सिंह ने छात्राओं को आत्मनिर्भर होने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि असफलताओं से घबराएं नहीं, बल्कि लक्ष्य निर्धारित कर लगातार प्रयास करते रहें, एक दिन सफलता जरूर मिलेगी। उन्होंने छात्राओं को आत्म चिंतन व संयम बनाए रखने की सलाह भी दी।

अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि पूरे देश को सेना पर गर्व है। देश की रक्षा के लिए अपना जीवन न्योछावर करने वाले बहादुर जवानों पर हम सभी को नाज है। उन्होंने कहा की हमारी बेटियों में क्षमता की कमी नहीं है। महिला विश्वविद्यालय बेटियों के कौशल व क्षमता वर्धन के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। कुलपति प्रो सुदेश ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्राओं का आह्वान किया कि वे अपनी अपार युवा ऊर्जा को एक बड़े लक्ष्य की प्राप्ति में लगाएं।

इस दौरान कुलसचिव डॉ नीलम मलिक, डीन अकेडमिक अफेयर्स प्रो संकेत विज, डीन छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा, निदेशक यूसीसीई, ले. कर्नल (डॉ.) अनिल बल्हारा सहित अन्य प्राध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।